NOC



संख्या-शि०स०1595/15-7-16(131)/94

प्रेषक,

श्री अशोक गांगुली,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र,2 सामुदायिक केन्द्र, प्रीति विहार,
नई दिल्ली।

शिक्षा (7) अनुभाग — लखनऊ: दिनांक 15 मार्च, 1995

विषय:- सेन्ट क्वीन मेरी पब्लिक स्कूल, आगरा को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सेन्ट क्वीन मेरी पब्लिक स्कूल, आगरा को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से सम्बद्धता प्रदान किये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन आपत्ति नहीं है।

(1) विद्यालय को पंजीकृत सोसाइटी का समय-समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।

(2) विद्यालय की प्रबन्ध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा।

(3) विद्यालय में कम से कम दस प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

(4) संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मांग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से/बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्धता केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद/कौंसिल फार दि इंडियन स्कूल सर्टीफिकेट एक्जामिनेशन नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उस परीक्षा परिषदों से सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से परिषद से मान्यता तथा राज्य सरकार से अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगी।

(5) संस्था शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

(6) कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों की अनुमन्य सेवानिवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

...2..

Scanned with OKEN Scanner

।7। राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे, संस्था उनका पालन करेगी ।
।8। विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित पृपत्र-पंजिकाओं में रखा जायेगा ।
।9। उक्त शर्तों में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन या परिवर्धन नहीं किया जायेगा ।

2- प्रतिबन्ध यह भी होगा कि संस्था द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि संस्था द्वारा विद्यालय का निजी भवन मानकानुरूप बनवाकर एक वर्ष के भीतर शासन को अवगत कराया जायेगा । विद्यालय में नियमानुसार वेतन का भुगतान कराया जायेगा तथा ई0 पी0 एफ0 योजना यथासमय लागू कर सूचित की जायेगी ।

2- उक्त प्रतिबन्धों का पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबन्धों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जा रही है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र वापस ले लिया जायेगा ।

भवदीय

। अशोक गांगुली ।
उप सचिव।

संख्या-सी0एम0।595।।।/15-7-16।।3।/94तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
2- अपर मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक, आगरा ।
3- जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा ।
4- निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय उ0प्र0, लखनऊ ।
5- प्रबन्धक, सेन्ट क्वीन मेरी पब्लिक स्कूल, डिफेन्स कालोनी, शाहगंज आगरा ।

आज्ञा से,

। अशोक गांगुली ।
उप सचिव।

Rajiv
Manager
St. Queen Mary's Public School
(C.B.S.E. Affiliated)
Tehra Gwalior Road, AGRA

Principal
St. Queen Mary's Public School
(C.B.S.E. Affiliated)
Tehra Gwalior Road, AGRA

Scanned with OKEN Scanner